**कार्यालय संचालक**
**खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय**
**ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन,**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

---

क्रमांक 46 /वि.स.–जुलाई /2026 नवा रायपुर, दिनांक 30/6/2026

प्रति,

**सचिव,**
छत्तीसगढ़ शासन,
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर. विभाग,
महानदी भवन मंत्रालय, नवा रायपुर

**विषय–** **विधानसभा प्रश्न क्रमांक 871 तारांकित द्वारा श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा, सदस्य विधानसभा की जानकारी अग्राहय/संशोधन कराने के संबंध में।**

कृपया विषयांतर्गत विधानसभा प्रश्न 871 तारांकित द्वारा श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा, सदस्य विधानसभा में पूछे गये प्रश्न के प्रश्नांश 'ख' में वर्ष 2023–24 से जून 2026 तक जिला– खैरागढ़ –छुईखदान–गंडई स्थित राज्य भण्डार गृह निगम के गोदाम में चावल लॉट जमा करने वाले मिलरों के नाम, पता सहित 03 वर्ष की जानकारी चाही गई है।

2. उपरोक्त संदर्भ में विगत 03 वर्ष की लॉटवार, मिलरवार , नाम, पता सहित जानकारी अंत्यत विस्तृत (लगभग 1000 से 2000 पृष्ठ) होगी। विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम के अध्याय 7 कंडिका 36 (16) में प्रावधान है कि– उसमें ऐसे नीति के प्रश्न नहीं उठाये जायेंगे जो इतनी विस्तीर्ण हो की प्रश्न उत्तर की सीमा के भीतर न आ सके।

अतः उपरोक्त विधानसभा प्रश्न के प्रश्नांश 'ख' को अग्राहय/संशोधन कराने का कष्ट करें।

**(संचालक द्वारा अनुमोदित)**
**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.
संचालनालय, नया रायपुर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई स्थित राज्य भंडारण निगम (SWC) प्रबंधक द्वारा वजन कटौती तथा प्रति लॉट अतिरिक्त शुल्कलेने संबंधी शिकायत पर कृत कार्यवाही**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **871** ) **श्रीमतीयशोदा निलाम्बर वर्मा**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) वर्ष 2023-2024 से जून, 2026 तक जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई स्थित राज्य भंडारण निगम (SWC) गोदामों में चावल परिवहन भंडारण कार्य में वजन कटौती तथा ₹750 प्रति लॉट अतिरिक्त शुल्क लेने तथा अनियमित भंडारण के संबंध में प्रबंधक व तकनीकी प्रभारी नॉन, डिपो प्रभारी नॉन के खिलाफ किसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ तो क्या उक्त शिकायत की जांच कराई गई? यदि हाँ तो जिला प्रशासन व विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है? शिकायत की कॉपी, देवें ? (ख) वर्ष 2023-24 से जून, 2026 तक जिला केसीजी स्थित SWC गोदाम में कितने लॉट चाँवल नॉन के लिए जमा किये गए? वर्षवार चाँवल स्टॉक की जानकारी, कितने मिलरों द्वारा अनुबंध की चाँवल जमा किया गया, मिलर के नाम पता सहित जानकारी देवें।

**Sent From :** खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण | **Sent Date :** 30/06/2026 05:14:44 | **Target Date :** 06/07/2026

**Remark : उपरोक्त संबंध में उत्तर तैयार कर दिनांक 06.07.2026 अनिवार्य रूप से विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।**